उपकरण

UPKARAN

लाचार बच्चों के लिये स्रोत पुस्तक A MANUAL OF AIDS FOR THE MULTIPLY HANDICAPPED

Product numbers are an access facility. Please refer to Resource Section towards the end of this book

Price : Rs 30.00

उपकरण UPKARAN

लाचार बच्चों के लिये स्रोत पुस्तक

A MANUAL OF AIDS FOR THE MULTIPLY HANDICAPPED

Project
Planned and executed by
THE SPASTICS SOCIETY OF INDIA

Sponsorship
co-ordinated through
ASSOCIATION OF INDIAN ENGINEERING INDUSTRY **AIEI**

आभार
ACKNOWLEDGEMENTS

1. Mr. Leslie Gardner,
   Principal Psychologist,
   The Spastics Society of U.K.

   for his expertise and guidance in helping to formulate the project.

2. The Ministry of Social Welfare, Govt. of India.

   for their support.

3. Prof. S.N. Tandon, and
   Prof. D. Mohan, Centre for Bio-medical Engineering,
   I.I.T. Delhi.

   for their consistent research work in the development of prototypes.

4. All production Units.

   ALIMCO. Kanpur.
   India Medico Instruments.
   Don Bosco Technical Institute.
   Pneumatic Controls.
   Ramchander & Sons.
   Educaids, Calcutta.

   for successfully developing prototypes for normal production.

5. Mr. Jogendra Panghaal,
   Industrial Designer

   for design of prototypes and supervising carpentry.

6. Ms. Lavlin Madhu

   for her sensitive photography of the children.

7. Cover Drawing Amrit Pal Singh of Centre for Special Education, New Delhi

SPONSORED BY

Godrej & Boyce Manufacturing Company Pvt. Ltd.

Bajaj Auto Ltd.

Usha Martin Black

Machinery Manufacturers Corporation Pvt. Ltd.

Avery India Ltd.

Escorts Ltd.

Modi Industries Ltd.

Zenith Steel Pipes & Industries Ltd.

Walchandnagar Industries Ltd.

INTRODUCTION प्रस्तावना

MEASUREMENT नाप

1 POSTURAL BALANCE : SITTING AND STANDING शारीरिक स्थिरता: बैठते व खड़े होते समय 12

2 TRAVEL AND MOBILITY सफर और चलना फिरना 27

3 EARLY PLAY, PERCEPTUAL MOTOR TRAINING AND PRE-SCHOOL LEARNING प्रत्यक्ष बोध और शारीरिक प्रशिक्षण प्रारंभिक खेल व शिक्षा 43

4 PERSONAL CARE स्वावलम्बन् 67

5 COMMUNICATION बोलचाल व लिखना 85

6 RECREATIONAL ACTIVITIES मनोरंजन 97

RESOURCE ORGANISATIONS. साधन एवम् सामग्री स्रोत 105

विषयसूची
CONTENTS

The aim of this publication is to inform those who care for multiply nandicapped children of the equipment and adaptations that have been designed and developed in India to help these children to lead relatively independent lives.

Numerous, substantive studies have shown that these children, if given a modified environment can contribute significantly in many areas. Therefore, the environment needs to be specially adjusted to their condition allowing optimum functioning. The prescription and provision of appropriate aids, appliances, equipment and instruction in their use can make a difference for many of the children and often enables them to carry out tasks which otherwise would be quite impossible.

Aids and equipment should not be prescribed and provided without careful consideration. Some points to be considered are made:-

1. It is necessary to consider whether the child could be stimulated to help himself and so make such external assistance unnecessary. This is to avoid overdependence on aids.



यह पुस्तक इस उद्देश्य से प्रकाशित की जा रही है कि उन लोगों को लाभ हो सके जो अक्षम बच्चों की देखभाल करते हैं और उनके संपर्क में रहते हैं। इसमें उन साधनों और सामग्रियों के विषयों में बताया गया है जिनके प्रयोग से एक अक्षम व्यक्ति या बालक किसी हद तक आत्मनिर्भर हो सके और स्वतन्त्र जीवन व्यतीत कर सके।

बहुत से अध्ययनों और अनुसंधानों से यह बात भली प्रकार प्रमाणित हो चुकी है कि यदि हम एक अक्षम बालक का उसकी अक्षमता के अनुसार परिवर्तन करें तो वह जीवन में बहुत कुछ कर सकता है।

विभिन्न प्रकार के साधनों उचित उपायों और सामग्रियों के प्रयोग से प्राय: एक अक्षम बालक भी वह सब काम कर लेता है जो इन साधनों के प्रयोग के बिना उसके लिये असम्भव होते हैं।

इन साधनों और सामग्रियों के चुनाव और प्रयोग में सावधानी बरतनी चाहिये और निम्नलिखित बातों पर ध्यान देना चाहिये:

1. सबसे पहले बच्चे की अक्षमता पर ध्यान दीजिये और देखिये कि उसको साधनों की वास्तव में जरूरत है या नहीं। क्या वह कोशिश और मेहनत से वह स्वयं अपनी योग्यता का प्रयोग करके आत्मनिर्भर हो सकता है? अगर ऐसा है तो उसे बाहरी साधनों पर निर्भर नहीं रहना चाहिये।

2. कभी-कभी यह भी हो सकता है कि बच्चा जिन चीजों का उपयोग कर रहा है उसी में थोड़ा परिवर्तन करके उसको ठीक किया जा सकता है। इस प्रकार नई वस्तु खरीदने की आवश्यकता नहीं होगी।

3. इस बात पर भी हमेशा ध्यान रखना होगा कि जैसे-जैसे बच्चा बड़ा होगा उसकी आयु और आवश्यकता के अनुसार उसके प्रयोग के साधनों और सामग्रियों में भी संशोधन करना पड़ेगा।

INTRODUCTION

2. It is often possible to modify equipment already used by the child instead of supplying additional aids.

3. It must never be forgotten that children are continually growing and developing and their requirements must be constantly reviewed.

4. The simplest aids are often the best and the most acceptable to the child. Occasions arise, however, when more technically complicated equipment is needed to enable the child to achieve maximum independence.

5. If an aid no longer fulfills the function for which it was provided, the situation should be reassessed. It may be possible to modify the aid or substitute a more suitable one. Aids and equipment are continually being brought uptodate and new items devised.

It has been possible to give some examples and ideas of helping multiply handicapped children. Because of the need to consider the various points described above, it is important to consult the child's therapist.

We hope that this manual will serve as a guide to disabled persons, parents of disabled children, and to those professionally concerned in advising and selecting equipment for disabled children. We hope that these suggestions would enable them to normalize their lives in terms of mobility, stability, personal care and daily living, communication, learning and recreation.



Mithu S Alur
Chairman
The Spastic Society of India
Bombay

4. बच्चा जिन साधनों और सामग्रियों का प्रयोग करे उसकी बनावट और आकार जितना सरल होगा उतना ही अच्छा है. कई बार हालांकि ज्यादा टेकनिकल साधनों के प्रयोग की आवश्यकता पड़ सकती है।

5. यदि कोई साधन कुछ समय बाद जरूरत पूरी तरह से नहीं भरता तो स्थिति को फिर से परखना चाहिये. यदि वह थोड़ी बहुत तबदीली से नहीं चलता तो उसे बदल देना चाहिये।

साधनों में लगातार नये विकास हो रहे हैं और उन्हें और उपयोगी बनाया जा रह है।

इस पुस्तिका में ऐसे साधनों और सामग्रियों का वर्णन किया गया है जिनके द्वारा ऐसे बच्चों को सहायता मिल सकती है जो अत्यधिक रूप से अक्षम हों। ऊपर लिखी बातों को ध्यान में रखते हुये बच्चे के लिये किसी भी चीज को चुनने से पहले थेरापिस्ट से अवश्य परामर्श करना चाहिये।

हम आशा करते हैं कि यह पुस्तक अक्षम बच्चों उनके माता पिता और जो लोग उनके लिये साधनों और सामग्रियों का चुनाव करते हैं उनके लिये सहायक सिद्ध होगी। हमें यह भी आशा है कि यहां पर दिये हुये सुझावों से एक अक्षम बालक को आत्म निर्भर बनने और सामान्य जीवन व्यतीत करने में सहायता मिलेगी।

Vinod L Doshi
President
Association of Indian
Engineering Industry

All measurements for equipment should be taken when the child is fully clothed.

Fig.1

Distance from seat to top of head (A). This distance gives the minimal height of the backrest for a child needing full head support. In practice it is best to make the backrest 6 inches longer to allow for growth.

Distance from seat to top of shoulders (B). This distance is the minimal height of the backrest if shoulder support only is required. If side supports are needed for the head, the bottom edges of the supports must be above this level to give shoulder clearance. Allowance must be made for growth.

Depth of Seat (C). The measurement should be made with the child's buttocks against the chair back. The seat should be deep enough to support the thighs but should not cut into the back of the knees. There should be space about the width of two fingers between the back of the knees and the end of the seat.

नाप
MEASUREMENT



सामग्री के लिये बच्चों का नाप वस्त्रसहित ही लीजिये

चित्र 1 कुर्सी की पीठ से सिर के ऊपर तक (A) इस नाप से यह मालूम किया जाता है कि कुर्सी की पीठ की कम से कम ऊँचाई कहां तक होनी चाहिये जिससे बच्चे के सिर को पूरी तरह से सहारा मिले। सामान्य ढंग से यह हिस्सा सिर से 6 इन्च ज्यादा लम्बा रखना चाहिये।

कुर्सी की पीठ से कन्धों के ऊपरी हिस्से तक (B) यदि बच्चे को सिर्फ कन्धों तक के सहारे की जरूरत है तो कुर्सी की पीठ की ऊंचाई वहां तक होनी चाहिये। अगर बच्चे को सिर के दोनों तरफ सहारे की जरूरत है तो वह सहारा कन्धे से इतना ऊंचा रखना चाहिये कि बच्चे के कन्धे उन्हें छू न पायें।

सीट की गहराई (C) कुर्सी की गहराई नापते समय बच्चे के कूल्हे कुर्सी की पीठ से लगे होने चाहिये। सीट की गहराई इतनी होनी चाहिये कि बच्चे की जांघों को पूरी तरह सहारा मिले। इसका ध्यान रखिये कि सीट बच्चे के घुटनों में न चुभे। इसके लिये सीट और घुटने के बीच दो ऊँगल जगह छोड़िये।

पायदान की गहराई (D/घ) इतनी होनी चाहिये कि बच्चे का पूरा पांव, जमा हुआ, इस पर आ जाये और टांगे जांघों से 90 के कोण पर हों। पांव जो हैं वह 90 के कोण के समान मुड़े हुये सीधे रहने चाहिये। कभी भी पांव लटकने न दीजिये।

सीट से पायदान की लम्बाई (E) पायदान की ऊंचाई बहुत महत्वपूर्ण है। पांव को पूरी तरह से सहारा मिलना चाहिये। लेकिन इसका ध्यान रखिये कि बच्चे की जांघ का हिस्सा, इसकी वजह से ऊंचा न हो जाये।

Depth of Footrest (D). The footrest should be deep enough to support the whole length of the foot with the shins at right angles This foot must also be right angles to the shins, never in tool-drop position.

Distance from seat to footrest (E). The height of the foot-rest is important. The foot should be fully supported, but the thighs must not be lifted from the seat.

Fig. 2

Width across shoulders (F). The backrest should be wide enough to support the whole of the back but should allow for free movement of the arms.

Width across hips (G). This measurement should be made while the child is seated. If side support is needed, the child should fit snugly between the side pieces. Since allo-wance should be made for growth, temporary boards should be fitted inside the fixed ones to reduce the seat width to the required measurement. These boards can be replaced with thinner ones and finally dis-carded as the child grows.

Distance from seat to elbow (H) Side supports should be 1 inch less than this measurement to



चित्र 2 कन्धों की चौड़ाई (F) कुर्सी की पीठ का हिस्सा इतना चौड़ा होना चाहिये कि पूरी पीठ को ठीक से सहारा मिले और बच्चा आराम से अपने हाथ हिला पाये।

कूहों पर चौड़ाई (G) इसका नाप बच्चे को कुर्सी पर बैठा कर लेना चाहिये। यदि बच्चे को दोनों तरफ हत्थों की जरूरत हो तो उनकी दूरी इतनी होनी चाहिये कि बच्चा उनके बीच आराम से बैठ पाये। शुरू में कुर्सी की चौड़ाई बच्चे के लिये ज्यादा हो तो हत्थे के अन्दर की तरफ दूसरे हत्थे लगा दें, जो बाद में निकाले जा सकें। इससे कुर्सी की चौड़ाई कम की जा सकती है। बाद में जब बच्चा और बड़ा हो जाये तो अन्दर वाले हत्थे निकाले जा सकते हैं।

सीट से कोहनी तक की दूरी (H) इस ऊंचाई का जो माप हो उससे आप हत्थे 1 इन्च कम रखिये। इससे न तो कोहनी हत्थे से रगड़ेगी और कुर्सी किसी मेज के नीचे, आराम से सरकाई जा सकती है। मेज की ऊंचाई नापते समय, उसे बच्चे की कोहनी से एक इंच ऊंचा रखिये जिससे बच्चे की बाहों को पूरी तरह से सहारा मिले। अगर आप चाहते हैं तो कुर्सी की सीट, हत्थे और पीठ के हिस्सों पर 1/2इंच का 'फोम' या चमड़ा चढ़ाया जा सकता है। इसके लिये नाप लेते समय जगह छोड़नी चाहिये। अगर बच्चे को बहुत पसीना आता है तो उसकी कुर्सी पर कुछ भी न चढ़ाइये। लेकिन जब भी आप सिर के दोनों तरफ किसी प्रकार का सहारा लगायें तो उस पर हमेशा कोई न कोई नरम चीज चढ़ानी चाहिये।

give clearance for the elbows and to allow the chair to slip under the table. Table or desk surfaces should be 1 inch higher than the elbows to give support to the arms. If desired, the seat, side supports and the back of the Chair may be upholstered with half-inch-thick foam rubber covered with leather cloth. Allowance must be made for this when measurements are taken. A child who perspires freely may be more comfortable without foam, plastic padding. However, side supports for the head should always be uphostered.

Fig. 3

Distance from floor to elbow when standing (I). This measure ment plus 1 inch gives the height of the surface of a stand-in table from the floor or pla tform on which the child stands.

Thickness of body, front to back at elbow level (J). The depth of the cut-out from the front edge of the table is determined by this measure.

Length forward reach measured from chest (D). The minimal depth of the table top, measured from the cut-out, should equal this measure.



चित्र 3 खे हुये बच्चे का जमीन से कोहनी तक का नाप (I) लेकर उसमें 1इन्च और जौड़ दीजिये। इससे जमीन या प्लेटफार्म पर खड़े हुये बच्चे की "स्टैन्ड-इन टेबल" की ऊंचाई का नाप मिलता है।

कोहनी के बराबर से, बदन की चौड़ाई पेट से पीठ तक (J) "कट-आउट" बनाने के लिये, जब मेज को आप सामने की ओर से काटेंगे तो आपको इस नाप की जरूरत होगी। छाती से आगे से पूरे हाथ की लम्बाई (K) मेज की चौड़ी रखने के लिये "कट-आउट" के आगे से यह नाप रखिये।

Fig. 4

Length of sideways reach measured from spine (L). To encourage full use of reach, the width of the table should be twice this measurement.

Width of body at elbow level (M). This measurement indicates how wide the cut-out should be.



रीढ़ की हड्डी से लेकर जहां तक बच्चा हाथ फैला पाये वहां तक नाप लीजिये। (L) मेज की चौड़ाई को इस नाप का दुगना रखिये।

कोहनी पर बदन की चौड़ाई (M) "कट-आउट" की चौड़ाई रखने के लिये इस नाप की जरूरत होती है।



1 शारीरिक स्थिरता: बैठते व खड़े होते समय

1 POSTURAL BALANCE SITTING AND STANDING

A normally healthy person is perhaps little concerned about posture and seating. Comfort can easily be achieved with ordinary furniture supplemented by cushions when necessary.

In the case of the multiply handicapped person, a good posture is even more desirable and has to be learnt. It is particularly necessary for instance to support the head and trunk when muscles are weak or paralysed or when the spine is deformed, and to position the chest for easy breathing. It is important for the disabled child to sit up at approximately the same age as a non-handicapped child so that he receives as much stimulation from his environment as possible.

Good posture, sitting and standing have remedial values for the individual with a multiple handicap.

They facilitate care --

It can be exhausting looking after a handicapped child who cannot sit or walk unaided. This can be very demanding on parents who would have to lift and carry the child. A suitable postural aid makes life easier for parents.



सामान्य व्यक्ति अपने उठने, बैठने और खड़े होने पर शायद बहुत कम ध्यान देते हैं। सामान्य कुर्सी में, यदि जरूरत हो तो, गद्दियां लगाकर वह बहुत आराम से बैठ सकते हैं।

एक अक्षम व्यक्ति, जिसके विभिन्न अंग प्रभावित हों, उसको सही ढ़ंग से उठने, बैठने और खड़े होने की, किसी सामान्य व्यक्ति की तुलना में, ज्यादा जरूरत होती है। यह सभी चीजें उन्हें सीखनी पड़ती हैं। यदि किसी व्यक्ति की पेशियां कमजोर हों, या उसे फालिज हो, तो उस व्यक्ति के सिर और बदन को सहारे की जरूरत होती है। छाती को सही प्रकार से सीधा होना चाहिये जिससे वह आराम से सांस ले सके।

एक अक्षम बच्चे को उसी उम्र पर बैठना चाहिये जिस उम्र पर कोई सामान्य बच्चा बैठता है। सही ढ़ंग से बैठना और खड़ा होना एक अक्षम बच्चे के लिये बहुत फायदेमन्द है।

बच्चे की देख-भाल में यह सब चीजें आपको मदद करेंगी—जब बच्चा, बिना किसी सहारे के, न बैठ सकता है न चल सकता है, तो माता-पिता, शारीरिक रूप से बहुत थक जाते हैं। उन्हें बच्चे को हमेशा गोदी में उठाकर, एक जगह से दूसरी जगह तक ले जाना पड़ता है। यदि बच्चे के लिये यह कुछ ऐसी चीज बनवा लें, जिससे बच्चा अपने आप, सही ढ़ंग से बैठा या खड़ा रह सके, तो माता-पिता को बहुत मदद मिलेगी।

बच्चे का बदन जब सही ढ़ंग से संतुलित होता है तब वह उसी जगह सभी शारीरिक कार्य ठीक से कर पाएगा और अपनी पढ़ाई, थेरापी व खेल आराम से कर सकता है।

सामान्य कुर्सी या मेज किसी अक्षम बच्चे के लिये ठीक नहीं हैं। बच्चे के "फर्नीचर" को बहुत ध्यान से बनवाना चाहिये। फर्नीचर में कई असामान्य तबदीलियों की जरूरत होगी जिससे बच्चा सही और स्थिर ढ़ंग से बैठ या खड़ा हो सकेगा।

Good posture stimulates body function and helps to place the individual in correct positions for educational, therapeutic and recreational activities.

The conventional designs in furniture are not suitable for the multiply handicapped. Furniture has to be carefully designed and certain adaptations are necessary to make furniture suitable to encourage good posture and stability for sitting and standing.

As to whether the equipment should be constructed or purchased, suitability and availability will be the determining factors. In the following pages, diagrams will be given and the manufactured items that have proved useful will be presented.

General Precautions

1. Measure the child and the chair allowing for growth in height and width.

2. Be sure the base of each item is wide enough to avoid tipping.

3. Do not let child's feet dangle, if necessary, use footrests and footstools.

4. If sitting balance is poor and exterior thrust is prominent, make seats at an angle so that the child is bent more at the hips than the usual 90° sitting position.

5. If the chair is not pushed against a table, provide a lapboard or tray to give security, to give stability by supporting the arms and to allow for activities.

6. Be sure that the table's surface is large enough for activities within the arm reach of the user.

क्या यह चीज बनवाई जायें? यह तो इस पर निर्भर है कि बच्चे के लिये क्या ठीक है और क्या खरीदा जा सकता है।

हमने ऐसी चीजों के चित्र दिये हैं जो बहुत योग्य सिद्ध हुई हैं और जो आप बनवा सकते हैं।

ध्यान रखने योग्य बातें:

1. यह ध्यान रखिये कि बच्चा बढ़ेगा और उसी हिसाब से ऊंचाई और चौड़ाई में जगह रखिये।

2. नीचे से कुर्सी और मेज कम से कम इतनी चौड़ी होनी चाहिये कि बच्चे के इधर-उधर होने पर भी वह उलट न जाये।

3. कभी भी बच्चे के पांव लटकने न दीजिये। जरूरत हो तो कुर्सी में पदधर लगाईये या ऊंचा पट्टे का इस्तेमाल कीजिये।

4. अगर बच्चा ठीक से बैठ नहीं पाता और बदन अकड़ने पर आगे की तरफ फिसलता है तो कुर्सी की सीट को आगे की तरफ से कुछ ऊंचा कर दीजिये जिससे बच्चा सामान्य ढ़ंग से बैठने की जगह कोण ढ़ंग से बैठ जायेगा और उसके कूल्हे मुड़े रहेंगे।

5. अगर कुर्सी के साथ मेज न हो तो कुर्सी के साथ एक ट्रे लगा दीजिये। इससे बच्चा अपने को सुरक्षित महसूस करेगा और उसकी बांह को सहारा मिलेगा, जिससे वह अपने हाथों को अन्य कामों के लिये इस्तेमाल कर पायेगा।

6. मेज की लम्बाई और चौड़ाई इतनी होनी चाहिये कि बच्चा आराम से बांह फैलाकर काम कर सके।

Simple Supports for functional positions
सामान्य स्थिति में साधारण सहारे:

Supports on the bed
बिस्तर पर सहारे

i. Sandbag pillow-neck support.

1. रेत से भरा तकिया गर्दन को सहारा देता है।





1

ii. The following aids will enable a child to play on his stomach. This will also help to strengthen his back and neck and help to keep his head up so that he can look at what he is doing.

2. इन चीजों का इस्तेमाल करते हुये बच्चा अपने पेट के बल लेट कर खेल सकता है। इससे उसकी पीठ और गर्दन में मजबूती आयेगी और बच्चे के सिर को सहारा मिलेगा जिससे वह यह देख पायेगा कि वह क्या कर रहा है।

Pillow with straps
तकिये में पेटीयां





2

Roll
गोल तकिया/रोल









Wedge
वेज









Seating Aids for Small Child
छोटे बच्चे को बैठाने के लिये कुर्सीयां

i. Rubber tyre seat
1. रबर टायर सीट





5

ii. Corner Seats - variations







6

iii. Box Seat

3. बौक्स सीट



iv. Reclining Seat

4. रकिलाइनिंग सीट



Chair and Table Unit
कुर्सी मेज के साथ



10

Chair and cut-out tray
कुर्सी, कटी हुई ट्रे के साथ



11

Chair with detachable side supports, footrest and castors
कुर्सी जिसके हत्थे निकाले जा सकते हैं
पदधर है और छोटे पहिये लगे हुये हैं।







Improvised seats for short term use
कुर्सीयां जो बहुत थोड़े समय के लिये इस्तेमाल की जाती हैं।

Bean Bag Chair for the severely handicapped
बीन बैग चेर





13

Inverted moras
उल्टा हुआ मूढ़ा





14

Heavy Paper Box
एक मोटे गत्ते का डिब्बा



15

Plastic waste basket
प्लास्टिक की डलिया





16

A modified All-Adjustable Kindergarten Chair
किन्डरगार्टन कुर्सी जो कई तरीकों से इस्तेमाल की जा सकती है।



17

Two-way table for floor sitting and chair
मेज जो दो तरीकों से इस्तेमाल की जा सकती है
जमीन पर या कुर्सी पर बैठकर



18

Cut-out Tables
कट-आउट मेजें

Adjustable height
जिसकी ऊंचाई बदली जा सकती है



Grab handles
पकड़ने के लिये ग्रैब हैंडल





20/19

Stand-in Box
स्टैंड-इन-बौक्स



Stand-in Adjustment for a Cut-Out Table
कट-आउट मेज में खड़े होने की जगह



2 सफर और चलना फिरना
TRAVEL AND MOBILITY

One of the most frequent problems which affects a multiply handicapped child is lack of or delayed independent mobility. This is frustrating for the child and his family and also by limiting his environment reduces his experience upon which ..is learning is based.

Whilst the child is still small and totally dependent he will need to be carried about and equipment is necessary to ease the task of parents and others looking after him.

Whenever possible, attempts should also be made to enable the child to be independent of adult help and able to initiate and control his own mobility.

There is a range of equipment designed to help children from dependent to independent mobility. No single piece of equipment is suitable for every child at all times. Careful assessment of the individual child's needs must be made before any aid or equipment is prescribed and the value of an aid should be re-assessed periodically.



सफर और चलने फिरने के साधन—अक्षम बच्चों की यह समस्या होती है कि वह देर में अपने आप चलना फिरना सीखते हैं या फिर वह अपने आप कहीं भी नहीं जा सकते। यह बच्चे और उसके परिवार, दोनों के लिये परेशानी का कारण होता है। एक बच्चा बहुत कुछ सीख सकता है और जब इस बच्चे का वातावरण सीमित होगा तो वह सीमित बातें ही सीख पायेगा।

जब बच्चा छोटा होता है और माता-पिता पर निर्भर रहता है, तब उसको अगर कोई इस तरह की चीज मिल जाये जिससे उन्हें बच्चे को गोदी में न उठाना पड़े, तो उन्हें बहुत सहायता मिलेगी।

जहां तक हो सके, इसकी कोशिश करनी चाहिये कि बच्चा बड़ों के ऊपर अधिक निर्भर न रहे। जो भी वस्तु उसे इधर-उधर ले जाने के लिये इस्तेमाल की जाती है, अगर बच्चा उसे अपने आप चलाना सीख ले तो अच्छा होगा क्योंकि वह फिर स्वयं इधर-उधर जाना सीखेगा। कई वस्तुये इस तरह की बनाई गई हैं कि बच्चा दूसरों पर निर्भर न रहकर अपने आप इधर-उधर चल-फिर सके। कोई एक वस्तु प्रत्येक बच्चे के लिये प्रत्येक समय उपयोगी नहीं हो सकती है। किसी बच्चे को कोई भी साधन देने से पहले उसकी सभी बातों को ध्यान में रखना चाहिये व समय-समय पर यह देख लेना चाहिये कि वह वस्तु अब बच्चे के लिये कितना उपयोगी है।

Mobility for the very young
बहुत छोटे बच्चों के लिये घूमने-फिरने के साधन

Creeper
क्रीपर





24

Infant crawler
इन्फेन्ट क्रालर





25

Plywood go-cart
प्लाईबुड गो कार्ट





Tyre scooter
टायर स्कूटर





Play Platforms Variations
प्ले प्लेट फार्म परिवर्तन





Walking Aids
चलने के साधन

Walker - Saddle types
वाकर जीन जैसे



30



31

Rollators
रोलेटर





32

Infant Training Walker
इन्फन्ट ट्रेनिंग वाकर



34
33

Folding-type stand and walker
स्टैन्ड और वाकर-जो मोड़कर रखा जा सकता है





35
36

Parallel Bars
पैरेलल बार



37

Crutches
क्रच



38

Tripod
ट्राईपाड



39

Tri-cycles
तीन पहियों वाली साईकिल







40 41 42

Protective Helmets

Children who continue to have poor balance and motor coordination when they begin to walk independently are likely to fall easily. To protect them from head injuries, it is advisable if they wear a protective helmet.

An injury will discourage attempts made to walk independently whereas a helmet will give the child a feeling of confidence and safety and will encourage walking practice Protective helmets can also be used by multiply handicapped children suffering from epilepsy who are likely to fall without warning during a seizure. As these helmets are to be worn regularly and continuously during the child's daily activities in school and at home, they should be light weight, durable and washable.

सुरक्षा करने के लिये हैलमेट

कमजोर शारीरिक संतुलन की वजह से जब यह बच्चे चलना आरम्भ करते हैं, तो वह गिर भी सकते हैं। सिर की चोट बचाने के लिये इन बच्चों को हेलमेट पहनाया जा सकता है।

अगर गिरने से बच्चे को चोट लगती है तो वह शायद चलने के की कोशिश कम करेगा लेकिन, अगर वह हैलमेट पहने हुए होगा, तो वह अपने आपको सुरक्षित महसूस करेगा और उसके मन में आत्मविश्वास की भावना पैदा होगी।

जिन बच्चों को मिरगी का दौरा आता हो उन्हें यह हैलमेट पहननी चाहिये क्योंकि दौरे के समय वह अचानक गिर जाते हैं जिसकी वजह से उन्हें चोट लग सकती है। बच्चे को यह हैलमेट प्रतिदिन, प्रत्येक समय पहननी चाहिये, घर और स्कूल में भी। यह हैलमेट इस प्रकार की होनी चाहिये की आसानी से धुलाई की जा सके व हल्के और मजबूत हों।







Buggies

Buggies and Push chairs are handy for transporting the non-ambulatory child whose prognosis for walking may be good but who needs to be taken from one location to another by an adult.

For parents of older handicapped children still unable to walk, transporting them from place to place is a major problem as they have to be carried by mother or at times more than one adult is needed to carry a heavier child.

NB: Buggies are economical as compared with the price of wheelchairs. They are also more suitable for small homes with limited space and being extremely light in weight, they can be transported very easily.

बग्गी

यह उन बच्चों के बहुत काम आती है जो बाद में शायद चल सकें लेकिन इस समय उन्हें एक जगह से दूसरी जगह तक ले जाना पड़ता है।



बड़े बच्चे जो अपने आप नहीं चल पाते, उनके माता-पिता के लिये यह बग्गी एक सहूलियत है क्योंकि बच्चा अब बड़ा और भारी हो चुका है। उसे प्रत्येक समय गोदी में उठाकर इधर-उधर ले जाने में मुश्किल होती है और यह बग्गी उनके लिये मददगार साबित होगी।

व्हीलचेर के मुकाबले में बग्गी अधिकतर सस्ती रहती है। छोटे घरों में, जहां जगह कम हो, वहां यह बहुत काम आती है क्योंकि यह हल्की है और माता-पिता उसे साथ में आसानी से ले जा सकते हैं।

Wheelchairs and Adaptations
Answers to common questions

1. How young a child can go into a wheelchair?

This cannot be answered by generalities. The child's therapist can advise you.

Children as young as 3 years have been fitted for wheelchairs when the prognosis for walking seemed poor.

They are useful when a child is specially large or heavy, when the parent is unable to lift or carry the child.

व्हील चेर और उनमें परिवर्तन
साधारण प्रश्न के उत्तर

1 कितना छोटा बच्चा व्हील चेर में बैठ सकता है? इसके बारे में आपके थेरापिस्ट आपको सही परामर्श दे सकते हैं।

कभी-कभी बच्चा जब तीन साल का होता है तो उसे व्हील चेर इस्तेमाल करने का परामर्श दिया जाता है। यह परामर्श उसी हालत में दिया जाता है जब बच्चे के चलने की उम्मीद बहुत कम हो।

व्हील चेर उस समय भी काम आती है जब बच्चा बड़ा और भारी हो जाता है और गोदी में उठाकर उसको घुमाना मुश्किल होता है।

Wheelchair
व्हील चेर



2. How can a wheelchair be made economically feasible for a small child or a rapidly growing child?

One suggestion is to use upholstry that will narrow the width of the chair yet allow it to expand with the child as needed. Wooden inserts made to fit can also provide firm adjustments.

2 एक छोटे या जल्दी बढ़ते हुए बच्चे के लिये एक व्हील चेर अधिक दिनों तक उपयोगी कैसे हो सकती है?

अगर आप बच्चे के नाप से कुछ बड़े नाप वाली कुर्सी लें तो यह अधिक दिनों तक आपके काम आ सकती है। कुर्सी पर आप कुछ भी—फोम, चमड़ा आदि चढ़वा सकते हैं, जो उठ सकते हैं, जो उस समय तो कुर्सी को बच्चे के नाप का कर देगा और बाद में,जैसे-जैसे बच्चा बड़ा होता जाता है, यह निकाला जा सकता है। अगर आप चाहें तो लकड़ी के बने टुकड़े भी अन्दर की तरफ लगाये जा सकते हैं और समय आने पर निकाले जा सकते है।

Folding type
जो मुड़ सकती है



3. Is a wheelchair a satisfactory answer to the mobility problem for older non-ambulent children and adults?

For an older child who is still not able to walk with or without aid, or who undergoes a great strain to walk with support, the wheelchair is a must. It is not only a satisfactory answer to his mobility problem but it is a socially acceptable mode of travelling and this adds dignity to his state. By learning to propel, transfer and conduct himself appropriately the wheelchair can give him the independence he needs to build up a good self-image.

3 क्या व्हील चेर किसी बड़े आदमी या बच्चे की समस्या को हल कर देती है ?
व्हील चेर उस बच्चे के लिये बहुत जरूरी है जो किसी वस्तु का सहारा लेकर भी नहीं चल पाता। अगर बच्चा चलते समय बहुत तकलीफ महसूस करता है, तब भी उसको व्हील चेर इस्तेमाल करनी चाहिये। यह उसके चलने की समस्या को पूरी तरह से तो हल नहीं करती है, लेकिन उसके स्वयं घूमने का साधन बन सकती है। सामाजिक दृष्टिकोण से भी एक स्वीकृत साधन है और बच्चा या बड़ा इसको इस्तेमाल करने के बाद अपने आप को स्वावलम्बी महसूस करता है। कुर्सी को ठीक ढ़ंग से चलाना और अपने आप उस पर चढ़ने व उतरने से वह अपने आपको दूसरों पर कम आश्रित समझेगा और उसमें हीनता की भावना कम पैदा होगी।

Wheelchair with toiletting facilities
व्हील चेर जो शौचालय में इस्तेमाल की जा सकती है।



Wheelchair with desk arms - detachable headrest and a convenient tray

व्हील चेर जो मेज के साथ इस्तेमाल की जा सकती है— सिरहाना निकाला जा सकता है और साथ में ट्रे है।



48



49



3 प्रारंभिक खेल व शिक्षा प्रत्यक्ष बोध और शारीरिक प्रशिक्षण EARLY PLAY, PERCEPTUAL MOTOR TRAINING AND PRE-SCHOOL LEARNING

The need to play is basic to all. Young children discover the nature of the world about them in the pleasure of seemingly trivial and incidental play activities. The discovery of magic soap bubbles in the kitchen sink, caterpillars in the bushes - these are some of the first and most vital means of learning. In this way children discover and practise their own unique mental and physical abilities in relation to the world around them.

The handicapped child is frustrated and isolated by disability and is often denied these very natural means of learning, discover and development. These children rely on others to understand and to meet their vital need for the pleasure and stimulus of play.

Toys that stimulate the senses are needed and enjoyed by severely handicapped babies, toys that encourage focussing of eyes, listening, feeling, clutching and sucking. Anyone lying helpless in a bed, unable to sit or communicate easily relies utterly on the help of others to bring exciting, interesting and pleasurable experiences within their reach.



बच्चे के जीवन में खेल का महत्वपूर्ण स्थान है। बच्चा खेल के द्वारा कितनी बातें सीख लेता है, उसका हम पूरा अनुमान नहीं लगा पाते। नहाते समय साबुन में से बुलबुले उड़ते देख या घर में कीड़े को चलते हुए देखकर बहुत बातें सीखते हैं। इसी प्रकार से बच्चे अपनी मानसिक और शारीरिक क्षमता को इस्तेमाल करते हुये दुनिया के बारे में सीखते है।

एक अक्षम बच्चा अपनी अक्षमता के कारण परेशान रहता है। वह इन सब साधारण मनोरंजक और आकर्षक ढ़ंगों से नहीं सीख पाता क्योंकि वह अपने आप इन सब वस्तुओं तक नहीं पहुंच सकता है। वह दूसरों तक पूरी तरह आश्रित है कि वह उसकी आवश्यकताओं को समझें और बच्चे की आयु के अनुसार एक मनोरंजक ढ़ंग से उनको पूरा करें।

वह खिलौने जिनसे बच्चे की इन्द्रियां जाग्रित हों एक अक्षम बच्चे के लिये भी मनोरंजक होते हैं। वह बच्चा जो शारीरिक रूप से अक्षम है, हमेशा पीठ के बल लेटा रहता है, न बोल सकता है न बैठ सकता है, उसके लिये ऐसे खिलौने जिन्हें वह देख पाये, छू पाए, पकड़ पाये या मुंह में डाल पाए, बहुत आकर्षक साबित होंगें।

Toys to encourage focussing of eyes

Mobiles : Hanging across the bed are needed at a very early stage when the baby lies in supine position i.e. on his back. These are usually brightly coloured.

खिलौने जिन पर बच्चा अपनी आंखें फोकस कर सके।

मोबाइल

बिस्तर के उपर लटके हुये मोबाइल एक शिशु के लिये बहुत जरूरी है बच्चा पीठ के बल लेटकर इनको देख सकता है। यह ध्यान रखिये कि यह रंग बिरंगे हों।



Sound mobiles are particularly exciting which tinkle at the slightest breath of air.

यह मोबाइल जो धीरे से हिलने पर भी आवाज करते हों बच्चे के लिये आकर्षक होते हैं।



One or two glass mirrors hung at different heights reflect the light as they turn in the breeze.

A torch or lantern often attracts interest.

अलग-अलग ऊंचाई पर यदि शीशे लटका दिये जायें तो बच्चा बदलती हुई रोशनी की परछाइयां शीशे में देख सकता है।

छोटी सी टार्च भी बच्चे का ध्यान अपनी ओर खींचेगी।





Toys to encourage reaching

Hang a flutter ball, balloon or any colourful toy immediately in front of child's vision if lying down or near feat so the child has to try to stretch out to touch them.

खिलौने जिनको देखकर बच्चा हाथ पैर चलाये।
लेटे हुए बच्चे की नजरों के सामने अगर आप एक हल्की बाल, गुब्बारा या कोई भी रंग बिरंगा खिलौना लटकायें तो वह उनको छूने के लिये हाथ या पैर चलायेगा।

Pram beads or cradle play

Toys that float in the bath

मोती या लटकाये जाने वाले खिलौने
खिलौने जो पानी में तैरते हों

Sound mobiles that tinkle when the baby reaches out to touch them.

A large mirror will attract baby to reach for his self image.

मोबाइल जो बच्चे के छूने पर आवाज करें
बड़े शीशे में अपनी शक्ल को देखकर बच्चा उसे छूना चाहेगा।





Toys to listen to

Music boxes, a variety of rattles, bells and instruments, radio, record player encourage and stimulate listening interest in babies.

Toys to encourage playing with hands and grasping

Attach bells to child's wrist

आवाज करने वाले खिलौने
झुन-झुने घंटियां, रेडियो, ग्रामोफोन आदि बजने से बच्चा ध्यान से सुनने की कोशिश करेगा।
बच्चे के हाथ चलाने व चीजों को पकड़ने के लिए प्रोत्साहित करने वाले खिलौने
बच्चे की कलाई में घुंघरु बांध दीजिए



Easy to hold rattles which make different sounds. Offer toys that vary in size as much as possible though not too small or too large and with assorted shapes, colours, sounds, weight, materials and textures. Toys should be easy to clutch with whole hand clutch.

अलग-अलग आवाज करने वाले झुनझुने बच्चे को प्रोत्साहित करते हैं कि वह उन्हें पकड़ कर अपने आप हिलायें।
बच्चों को भिन्न-भिन्न प्रकार के खिलौने दीजिए जो न तो बहुत बड़े और न बहुत छोटे हों। रंग-बिरंगे, बड़े-छोटे, आवाज करने वाले, हल्के-भारी, सरल-मुलायम सभी तरह के खिलौने इतने बड़े होने चाहिये कि बच्चा अपने पूरे हाथ से उन्हें पकड़ सके।

Toys to encourage manipulation for children who can hold with clumsy grasp

जो बच्चे ठीक से पकड़ नहीं पाते हैं उन्हें पकड़ने के लिए प्रोत्साहित करने वाले खिलौने।



Multiply handicapped children are deprived of experiences due to restricted mobility, thus giving rise to perceptual handicaps which lead to learning problems in the classroom like reading and spelling difficulties, inability to arrange in sequence and deal with numbers, etc. Special programmes are therefore devised to remedy and overcome perceptual deficits. It is believed by psychologists that a child needs to explore the environment physically at first to be able to understand the concepts of height, weight, volume, distance and speed, etc. before he can translate them to abstract forms in the classroom situations.

अत्यधिक अक्षम बच्चे अपनी अशक्तता के कारण अनुभवों से वंचित रह जाते हैं। जब बच्चे स्कूल जाना शुरू करते हैं। उस समय पढ़ना, लिखना आदि उनके लिये समस्या बन जाती है। वह चीजें सही क्रम में नहीं लगा पाते हैं। और गिनती भी उन्हें मुश्किल होती है। बच्चों की यह मुश्किल हल करने के लिये विशेष प्रकार के कार्यक्रम बनाये गये हैं। मनोवैज्ञानिकों का कहना है कि प्रत्येक बच्चा ऊंचाई, भारीपन, दूरी, तेजी आदि तभी पूरी तरह से समझ सकता है जब वह अपने वातावरण में घूमफिर कर इन सब चीजों का अनुभव कर चुका हो। तभी वह इन वस्तुओं को स्कूल में अच्छी प्रकार समझ पायेगा।

For a systematic training programme, some specially designed play equipment is needed. Most of these ideas for equipment and activities that will help children to develop perception can be inexpensively made. Given below are some suggestions:

एक सही ढ़ंग से सिखाने वाले कार्यक्रम को बनाने के लिये कुछ विशेष वस्तुओं की जरूरत होती है। यह सब खिलौने, जिनसे बच्चे का प्रत्यक्ष-बोध बढ़ता है, बहुत सस्ते में बनवाये जा सकते हैं। उन्हीं खिलौनों के चित्र नीचे दिये गये हैं।

Balance Beam Exercises

These balance beams provide the opportunity for balance activity by moving the body with minimal support through space along the balance beam.

Exercises are planned and graded. The basic Balance Beam consists of one 6 ft. long beam with two bases. The width

बैलन्स बीम

यह बैलन्स बीम बच्चे को मौका देता है कि वह चलते समय कम से कम सहारा लेकर अपने बदन को संतुलित कर पाए।

इस बीम को इस्तेमाल करने के लिये व्यायाम एक विशेष प्रकार की होती है। जो बेसिक बैलन्स बीम है वह एक 6





is 6 inches by joining together three lengths. These may later be separated to form different patterns. The width becomes narrower when the beams are separated and the balance exercises will then require finer balance skills.

Exercises are planned to assist in developing directionality, laterality, and body awareness. Some suggested exercises include walking forward and backward, walking sideways, taking short or long steps, walking fast or slow, hopping on one foot, picking up objects from the floor while balancing, etc.

फुट लम्बा डण्डा होता है जिसके 2 आधार होते हैं। यदि 3 लम्बे डण्डे जोड़े जायें तो इनकी कुल चौड़ाई 6 इन्च होनी चाहिये। यह बाद में अलग-अलग कई ढ़ंगों से इस्तेमाल किये जा सकते हैं। जब इन डण्डों को अलग कर दिया जाता है तो चौडाई कम हो जाती है और चलते समय बच्चे को अपने बदन का संतुलन अब और भी अधिक सावधानी से करना पड़ता है।

कई व्यायाम बच्चे को दिशायें दायां-बायां और शरीर के अंगों के बारे में सिखाने के लिये होती हैं। इस तरह के व्यायामों में आगे-पीछे चलना, बड़े और छोटे कदम लेना, जल्दी और आहिस्ता चलना, दायें-बायें चलने, एक पांव पर कूदना, झुक कर चीजें उठाना, इत्यादि शामिल है।



Foot Placement Ladder

Useful in early walking and balance training
Wooden floor ladder with adjustable dividers offers various walking patterns. Steps may be of equal size and alternately placsed for right - left progression. Steps may be longer or shorter for variety and direction may be forward or backward.

फुट-प्लेसमैंट लैडर—
जब बच्चा चलना शुरू करता है और बदन का संतुलन करना सीखता है, तो यह बहुत काम में आता है।

लकड़ी के बने "फ्लोर लैडर" के बीच की सीढ़ियां इधर-उधर सरकाई जा सकती हैं। इन सीढ़ियों को बराबर की दूरी पर अगर लगाया जाये, तो बच्चा पहले दायें फिर बायें पांव से कदम लेना सीखेगा। सीढ़ियों को कहीं अधिक और कहीं कम चौड़ाई पर रखा जा सकता है। बच्चा आगे-पीछे आसानी से चल सकता है।



Footprints drawn on the floor in various patterns to reach correct foot placements, encourage better positioning and provide walking exercises and balance training. Handprints are a variation to encourage correct crawling patterns.

Footprints and Handprints can be in two colours for left and right - laterality discrimination.

फुट प्रिन्ट—

जमीन पर पांव के निशान यदि किसी विशेष ढ़ंग से बनाये जायें तो बच्चा कदम लेते समय ठीक से पांव रखना, सही तरीके से कदम लेना और चलते समय बदन का सही संतुलन स्थापित रखना सीखता है। जमीन पर यदि "हैन्डप्रिन्ट", हाथ के निशान बना दिये जायें, तो बच्चा सही ढ़ंग से घुटने चलना सीखता है।

दांयां व बांयां सिखने के लिये आप सारे दायें हाथ के निशानों को एक रंग का और बायें हाथ के निशानों को दूसरे रंग का बनाईये।



Geometric Shapes Crawling Forms

With these forms placed at random, the child crawls through each shape. The child may identify shapes as he is crawling through. With his eyes closed, the child may also identify shapes using his tactile sense. The materials are especially useful in body and spatial relationship training, coordination form and shape recognition.

जियोमेट्रिक शेप्स क्रालिंग फार्म

यदि इन सब आकृतियों को बिखेर कर रखा जाये तो बच्चा इनमें से घुटने चलकर निकल सकता है। बच्चा जब इनमें से निकलता है तो उन आकृतियों को पहचानना सीखता है। आंख बंद करने पर भी बच्चा उन्हें छू कर बता सकता है कि यह कौन सी आकृति का है—गोल, त्रिकोण या चौकोण। बच्चा इन सब चीजों को करते समय आसपास की जमीन और उस जमीन का अपने बदन से संबन्ध समझता है। फिर एक वस्तु को देखकर उनके आपस का संबंध बता पाएगा।



Crawling Tunnel

This tunnel provides a long crawling distance and may be used by several children at one time. It can be constructed of a strong material like steel tubes or a frame can be made using circular wire covered by canvas. This may be collapsed when not in use.

क्रालिंग टनल

यह एक सुरंग की तरह का होता है जिसके अन्दर बच्चा घुटने चलना सीखता है। कई बच्चे इसको एक साथ इस्तेमाल कर सकते हैं। इसको बनाते समय किसी मजबूत चीज का इस्तेमाल कीजिये स्टील ट्यूब या तार का गोल ढ़ाचा बनाकर उस पर तिरपाल डाल दिजिए। जब आप इसकोईस्तेमाल करना चाहें तो इसे मोड़कर रखा जा सकता है।



Geometric Shapes Block -
"Magic Box"

A plywood block with geometric shape cut-outs.

जियोमेट्रिक शेप्स बौक्स—मैजिक बौक्स
इस प्लाइवुड के बने डिब्बे में चारों ओर और ऊपर की तरफ रेखा गणित के आकार कटे हुए हैं।

In addition to a challenging crawling activity to enhance spatial relationship training, the three geometric cut-outs assist in form perception and recognition of basic shapes.

बच्चा इस डिब्बे के अन्दर जाना और बाहर निकलना सीखता है। वह यह भी सीखता है कि वह इसमें से अपने बदन को कैसे निकाले, संभाले और संतुलित करे। गोल, त्रिकोण और चौकोण यह तीनों आकृतियों के प्रत्यक्ष बोध के पहचानने और समझने में मदद देती है।

Rocker Board

Rocking the body stimulates balance and control. Board helps to internalize body awareness, left-right directionality of up and down, encourages rhythem and coordination. As children develop confidence they can use it in kneeling or standing position.

रॉकर बोर्ड पर बैठकर जो हिलने का अहसास होता है उससे बच्चा अपना बदन संभालना सीखता है। बदन के अंगों को पहचानना, दांयां-बायां, ऊपर-नीचे, ताल और हिलते हुए बदन को संतुलित करना भी सीखता है। जब बच्चे को यह इस्तेमाल करना आ जाए तो वह इस पर घुटनों के बल या खड़े होकर अपने बदन को संतुलित करना सीखता है।





Climbing Frame

This equipment offers a variety of physical experiences. As the child climbs, swings, slides and crawls in and out he learns to judge height and distance, spatial relationships body awareness, major coordination and control in movement.

क्लाइम्बिंग फेम

इस फेम के द्वारा बच्चा शारीरिक अनुभव प्राप्त करता है। बच्चा फिर चढ़ना, झूलना, फिसलना, अन्दर और बाहर आना-जाना सीखता है। इसके अतिरिक्त अपने शरीर के संबंध में किसी भी चीज की ऊंचाई, गहराई, दूरी का अंदाजा लगाना और यह बात भी सीखता है कि उसका बदन क्या-क्या कर सकता है। वह एक महत्वपूर्ण ढ़ंग से अपने बदन को संभालना और उसका संतुलन करना सीखता है।



